देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 256 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...बने रहें हमकदम



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 20 नवंबर 2019



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 23.0° न्यूनतम 12.0°

40469.70

2 शरीफ उपचार के लिए लंदन रवाना
7 बल्लेबाजों को चकमा दूंगाः शम्मी

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली–एनसीआर और उत्तराखण्ड में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** देहरादून। मंगलवार शाम को दिल्ली– एनसीआर और उत्ध्तराखंड में मंगलवार शाम को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र भारत–नेपाल सीमा पर था। मीडिया में आ रही खबरों के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5 मापी गई। कल गुजरात के कुछ जिलों में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इससे पहले पाकिस्तान में भूकंप आया था। भूकंप का झटका महसूस होने के बाद लोगों में दहशत फैल गई।

### जलियांवाला बाग नैशनल मेमोरियल बिल को राज्यसभा से मंजूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जलियांवाला बाग नैशनल मेमोरियल संशोधन बिल को मंगलवार को राज्यसभा से भी मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही अब कांग्रेस अध्यक्ष इस ट्रस्ट के सदस्य नहीं रह पाएंगे। जलियांवाला बाग नैशनल मेमोरियल ऐक्ट, 1951 के तहत ट्रस्ट को मेमोरियल के निर्माण और प्रबंधन का अधिकार है। इसके अलावा इस ऐक्ट में ट्रस्टियों के चयन और उनके कार्यकाल के बारे में भी बताया गया है। अब तक कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष इस मेमोरियल के ट्रस्ट का पदेन सदस्य रहा है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

### भतीजे अखिलेश से हाथ मिलाने को तैयार चाचा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इटावा। समाजवादी पार्टी के गढ़ समझे जाने वाले इटावा में शिवपाल यादव ने बड़ा बयान दिया है। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी बनाने वाले शिवपाल यादव ने मंगलवार को कहा कि वह समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन चाहते हैं। शिवपाल ने साफ किया कि वह परिवार में एकता चाहते हैं और वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में चुनाव लड़ने को तैयार हैं। शिवपाल यादव ने कहा कि वह एसपी के साथ गठबंधन चाहते हैं।

# पहले सीएम खांसते थे, अब दिल्ली

■बीजेपी एमपी बोले, पहले सीएम खांसते थे, अब दिल्ली

## लोकसभा में पलूशन पर चर्चा, सलूशन से ज्यादा क्रेडिट पर बात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली–एनसीआर में हर साल सर्दियों के मौसम में होने वाले पलूशन के सलूशन को लेकर लोकसभा में भी चर्चा हुई। हालांकि सलूशन से ज्यादा जोर चर्चा के दौरान क्रेडिट लेने पर ही रहा। चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने इसके लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि आखिर सुप्रीम कोर्ट दखल देती है तो इसका मतलब है कि सरकार अपने काम में चूक रही है। हालांकि चर्चा के दौरान बीजेपी, कांग्रेस और बीजेडी ने पलूशन के लिए पराली को जिम्मेदार मानने से इनकार किया।



### मास्क लगाकर बोलीं टीएमसी की सांसद

टीएमसी की सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने कहा कि दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित 10 शहरों में से 9 भारत में ही हैं। मास्क लगाकर संसद में बोलते हुए घोष ने कहा कि यह चिंताजनक और शर्मनाक है कि एक विदेशी मेहमान ने देश में प्रदूषण को लेकर टिप्पणी की।

**बीजेपी सांसद ने गिनाए शीला दीक्षित के कामः** चर्चा के दौरान उस वक्त दिलचस्प नजारा देखने को मिला, जब बीजेपी सांसद प्रवेश वर्मा ने कांग्रेस नेता और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के कामों को याद किया।

बीजेपी सांसद प्रवेश वर्मा ने दिल्ली के पलूशन के लिए आम आदमी पार्टी की सरकार को जिम्मेदार ठहराया है।

प्रवेश ने कहा कि दिल्ली में पलूशन साल में 200 दिन रहता है, लेकिन पराली तो सिर्फ 40 से 50 दिन ही जलती है। उन्होंने कहा, दिल्ली सरकार 600 करोड़ का ऐड कर हरियाणा, पंजाब और यूपी को जिम्मेदार ठहरा रही है। वर्मा ने कहा कि गांव और शहर की दूरी को बढ़ाना किसी के हित में नहीं है।श उन्होंने कहा कि दिल्ली का सीएम एक दांव खेल रहा है।

यही नहीं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर निजी हमला बोलते हुए वर्मा ने कहा कि एक समय में वह अकेले खांसते थे और आज जनता खांस रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 1 करोड़ 10 लाख वाहन हैं। यह गाड़ियां इसलिए बढ़ीं क्योंकि दिल्ली में बसें नहीं बढ़ीं। एक भी नई बस नहीं खरीदी और सिर्फ तीन महीने में 100 बसों का ड्रामा किया।

### मनोज तिवारी बोले- यह राज्य का विषय, सजा तय हो

दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि वायु प्रदूषण राज्य का विषय है। क्या ऐसा नहीं हो सकता है कि अगर कोई राज्य जानबूझकर इस पर बहानेबाजी करता रहे तो उसके लिए कोई सजा तय की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य पर ऐसी कार्रवाई हो जिससे जनता के बीच इस बात को बताया जा सके कि राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है। तिवारी ने कहा कि पानी के छिड़काव के लिए जो फंड दिल्ली सरकार से मिलना चाहिए थी, वो हमें केंद्र सरकार से लेकर आना पड़ेगा।

## अल्पसंख्यक कट्टरता पर ममता की हिदायत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अल्पसंख्यक कट्टरता को लेकर दी गई हिदायत पर एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने पूछ डाला कि बंगाल में बीजेपी 18 लोकसभा सीट कैसे जीत गई? उन्होंने ट्वीट कर ममता को जवाब दिया और कहा कि बंगाल में मुसलमानों को मूलभूत मानवीय सुविधाएं मयस्सर नहीं होने पर सवाल उठाना धार्मिक कट्टरता नहीं है। ओवैसी ने ट्वीट किया, यह कहना कि बंगाल के मुसलमानों का किसी भी अल्पसंख्यक के मानव विकास सूचकांकों में सबसे खराब में से एक होना धार्मिक कट्टरता नहीं है। हैदराबाद के जिक्र से स्पष्ट है कि ममता के निशाने पर कौन था।

# जेएनयू छात्रों पर पुलिस की एफआईआर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में फीस वृद्धि को लेकर छात्रों के विरोध–प्रदर्शन और उनपर हुई पुलिसिया कार्रवाई का मुद्दा मंगलवार को लोकसभा में भी उठा।दूसरी ओर दिल्ली पुलिस ने सोमवार के प्रदर्शन के दौरान दिशा–निर्देशों के उल्लंघन के मामले में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की है। दिल्ली पुलिस ने 17 नवंबर को भी जेएनयू परिसर में लगी विवेकानंद की मूर्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में एफआईआर दर्ज की थी।

### जेएनयू छात्रों के विरोध–प्रदर्शन का मुद्दा गरमाता जा रहा है

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एफआईआर दर्ज किए जाने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कानून की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है लेकिन उन्होंने इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दी। जेएनयू छात्रों ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया था जिससे शहर के कई हिस्सों में जाम लग गया था। पुलिस के अनुसार आठ घंटे तक चले इस प्रदर्शन के दौरान लगभग 30 पुलिसकर्मी और 15 छात्र घायल हो गए थे।



**बीएसपी-कांग्रेस की मांग**
मंगलवार को लोकसभा की कार्रवाई के दौरान बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के सांसद दानिश अली ने जेएनयू स्टूडेंट पर लाठी चार्ज और बर्बरतापूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए सरकार से उच्चस्तरीय जांच करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार को इस निंदनीय घटना के लिए माफी मांगनी चाहिए।

### संसद में उठा मुद्दा

लोस अध्यक्ष ओम बिड़ला द्वारा नाम पुकारे जाने पर यूपी के अमरोहा से सांसद ने कहा श्मैं एक महत्वपूर्ण मुद्दा यहां उठाने खड़ा हुआ हूं। जेएनयू के छात्रों पर जिस तरह से लाठी चार्ज हुआ है, वह निंदनीय है। इसकी उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और सरकार माफी मांगे। दिल्ली पुलिस ने बर्बरतापूर्वक छात्रों पर कार्रवाई की है। वहीं, कांग्रेस नेता टीएन प्राथपन ने जेएनयू स्टूडेंट पर पुलिसिया कार्रवाई की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि विपक्ष प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ है।

## पवार का कहा समझने के लिए 100 बार जन्म लेना होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद शरद पवार ने यह कहकर सबको चौंका दिया था कि हमारी महाराष्ट्र में सरकार बनाने को लेकर कोई चर्चा ही नहीं हुई। इसे शिवसेना के लिए बड़ा झटका माना जा रहा था, जो सूबे में गठबंधन सरकार का सपना संजो रही है। अब शिवसेना ने एनसीपी चीफ के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि पवार क्या कहते हैं, इसे समझने के लिए 100 जन्म लेने होंगे। राउत ने कहा, आपको पवार और हमारे गठबंधन को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## 370 के हटने के बाद 765 पत्थरबाज गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली/श्रीनगर। केंद्र सरकार ने मंगलवार को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए बताया कि कश्मीर घाटी में अनुच्छेद 370 का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद कुल 765 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी. किशन रेड्डी ने अपने जवाब में बताया कि कश्मीर घाटी में पत्थरबाजी की घटनाओं और लोक शांति भंग करने की घटना में शामिल रहने के कारण इन सभी लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

मंत्री ने ये भी कहा कि 5 अगस्त को अनुच्छेद 370 के अंत के बाद से कश्मीर घाटी के हालातों में सुधार हुआ है और पत्थरबाजी की घटनाएं कम हुई हैं। मंगलवार को लोकसभा में एक प्रश्न के जवाब में मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 का अंत होने के बाद से 15 नवंबर तक पत्थरबाजी और कानून व्यवस्था प्रभावित करने के कुल 190 केस दर्ज किए गए। इन मामलों में वांछित कुल 765 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इससे पूर्व 1 जनवरी 2019 से लेकर 4 अगस्त 2019 तक जम्मू–कश्मीर में ऐसे 361 केस दर्ज किए गए थे।

### सुधार

**पत्थरबाजी की घटनाओं में आई कमी**

मंत्री ने कहा कि सरकार ने जम्मू–कश्मीर में हालात को सामान्य बनाने और पत्थरबाजी की घटनाओं को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के कदम उठाएं हैं। सरकार काफी हद तक घाटी की स्थितियों को सामान्य बनाए रखने में सफल भी हुई है। गृह राज्य मंत्री ने यह भी कहा कि कश्मीर में स्थितियों को नियंत्रण में रखने के लिए उपद्रवी तत्वों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया है और कई लोगों को एहतियात के तौर पर भी हिरासत में रखा गया है।

### 18 अलगाववादियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

गृह राज्य मंत्री ने यह भी कहा कि विभिन्न एजेंसियों द्वारा की गई जांच में यह बात सामने आई है कि कश्मीर घाटी की कई संस्थाएं और अलगाववादी नेता जो कि हुर्रियत से जुड़े हैं, वह घाटी में पत्थरबाजी जैसी घटनाओं की साजिश रचने में शामिल रहे हैं। ऐसे में राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने ऐसे कुल 18 लोगों के खिलाफ अब तक जांच के बाद आरोप पत्र दाखिल कर दिया है।